गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

Email: setexam2022.ggtu@gmail.com ***Mobile: 7357477123***

क्रमांक :– एफ ( ) जीजीटीयू / सेट परीक्षा / 2022 / 90 दिनांक : 22.03.2023

कार्यालय आदेश

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा 'सेट 2023' अंतर्गत दिनांक 26 मार्च 2023 को आयोजित परीक्षा में श्रुतलेखक प्रावधान में निम्नानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें:-

(1)सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित प्रमाण - पत्र के आधार पर **केवल नेत्रहीन एवं पूरी तरह से लिखने में अक्षम परीक्षार्थी** को ही **श्रुत लेखक की सुविधा परीक्षा केंद्र द्वारा ही उपलब्ध कराई जाएगी|** बशर्ते अभ्यर्थी परीक्षा आयोजन तिथि के दो दिवस पूर्व अर्थात 24 मार्च 2023, सायं 5 बजे तक केन्द्राधीक्षक के समक्ष इस निमित्त का प्रार्थना पत्र निर्धारित फॉर्मेट में मय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें|

(2)श्रुत लेखक की **अधिकतम शैक्षिक योग्यता स्नातक (2022 में ही उत्तीर्ण) रहेगी** जो नियमानुसार परीक्षार्थी का निकट सम्बन्धी नहीं होगा| अर्थात 2022 से पूर्व स्नातक उत्तीर्ण श्रुत लेखक मान्य नहीं रहेगा| 2022 में कक्षा दसवीं अथवा बारहवीं उत्तीर्ण मान्य है|

(3)श्रुत लेखक परीक्षा केंद्र द्वारा ही उपलब्ध कराया जाना है| इस कार्य हेतु पृथक से श्रुत लेखक को 150/- अक्षरे एक सौ पचास रूपये मानदेय देय होगा| ऐसे पात्र परीक्षार्थियों की संख्या दस तक एक ही वीक्षक लगाया जाए एवं इसकी सूचना दिनांक 25 मार्च 2023 सायं तक संभाग समन्वयक की मार्फ़त विश्वविद्यालय को व्हात्सप्प कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि निर्धारित समय पर इस हेतु अतिरिक्त भुगतान किया जा सके|

(4)परीक्षा केंद्र पर एक या एक से अधिक ऐसे परीक्षार्थी होने पर पृथक के परीक्षा-कक्ष निर्धारित कर बैठक व्यवस्था की जावे|

(5)ऐसे पात्र परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से अतिरिक्त साठ मिनिट अतिरिक्त दिए जाएँ एवं इन सभी की ओएमआर पृथक से ही सील बंद की जाए|

(6)श्रुत लेखक केवल प्रश्न और उत्तर का वाचन करेंगे| किसी भी स्थिति में प्रश्न और उत्तर की व्याख्या श्रुतलेखक द्वारा की जानी पूरी तरह से निषिद्ध है|

(7)श्रुत लेखक हेतु निर्धारित परीक्षा कक्ष में नियुक्त वीक्षक को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त मानदेय स्वीकृत नहीं है|

नोडल अधिकारी

क्रमांक क्रमांक :– एफ ( ) जीजीटीयू / सेट परीक्षा / 2022 / 90 दिनांक : 22.03.2023

1. कुलसचिव, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
2. वित नियंत्रक, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
3. समस्त संभाग समन्वयक / केन्द्राधीक्षक सेट परीक्षा 2023
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
5. रक्षित पत्रावली।

नोडल अधिकारी
सेट परीक्षा 2023